स्वच्छ भारत अभियान जन–जन तक पहुंचाने के लिए संगोष्ठी का आयोजन

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई के सभागार में सफाई व्यवस्था में जन–जन की भागीदारी बढ़ाने के लिए संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, स्वच्छता ब्रान्ड अम्बेसडर बल्क वेस्ट जनरेटर, एन.डी.आर.एफ एवं सामाजिक कार्यकताओ की उपस्थिति में बैठक आयोजित हुई। प्रमुखता के साथ नागरिको के स्वच्छता के प्रति उनके दैनिक व्यवहार में कैसे परिवर्तन लाया जाए और आए हुए प्रबुद्वजनो द्वारा अपने विचार रखे गये। प्रमुख सुझाव में स्वच्छ सर्वेक्षण के अंतर्गत गीला एवं सूखा कचरा अलग–अलग प्रदान करने हेतु नागरिको को प्रेरित करना। इसके लिए व्यापक स्तर पर शोसल मीडिया का उपयोग करना। अच्छे कार्य करने वाला का सम्मान करना, व्यावसायिक क्षेत्र में सिंगल युज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने के संबंध में जन जागरूकता हेतु मुनादी करना। जो व्यापारी नहीं मानते है उनसे अर्थदण्ड वसूलने की कार्यवाही करना। घर से मिक्स गीला एवं सूखा कचरा एक में देने वाले परिवारो को निगम के एस.एल.आर.एम. सेंटर में ले जाकर दिखाना। जिससे उन्हे ज्ञात हो सके कि गीला एवं सूखा कचरा एक में न देने से कितनी परेशानी होती है, छाटते समय। प्रत्येक स्कूल में विद्यार्थियो को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना एवं प्रत्येक सप्ताह स्वच्छता संबंधी गतिविधियो से उनको जोड़ना। आम नागरिको में स्वच्छता के प्रति जागरूकता लाने हेतु वार्ड के जनप्रतिनिधियों का सहयोग लिया जाना। ब्रान्ड अम्बेसडर की मदद से स्वच्छता के प्रति आम नागरिको के व्यवहार में परिवर्तन लाने हेतु जागरूता संबंधी विभिन्न गतिविधियां लाना। समस्त वार्डो में लोगो को प्रोत्साहित कर होम कम्पोस्टिंग का कार्य कराया जाना। डोर–टू–डोर कचरा संग्रहण में लगे वाहनो में स्वच्छ भारत मिशन संबंधी जिंगल बजाकर लोगो में प्रचार–प्रसार करना आदि बिन्दुओ पर सुझाव दिया गया। अंत में सब लोग मिलकर स्वच्छता शपथ लिए। संगोष्ठी के दौरान विचार रखने वाले चिकित्सा से डॉ. राजीव पाल, साहित्य से डॉ. महेशचंद शर्मा, डॉ. विश्वनाथ पाणीग्रही, अमित इंटरनेशनल से सिद्वीकी, रूंगटा से सुभाष झा, छ.ग. एन.डी.आर.एफ पुलिस असिस्टेंट कमान्डेंट कन्हैया योगी, वंदेमातरम अपार्टमेंट से श्रीनिवास खेड़िया, कला जगत से श्रवण कुमार, जोन आयुक्त येशा लहरे, कार्यपालन अभियंता रवि सिन्हा, अभियंता, स्वास्थ्य अधिकारी, स्वच्छता निरीक्षक, सूडा के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।